# साहित्य अकादेमी का सबसे बड़ा साहित्योत्सव 11 मार्च से

## 40 से ज्यादा कार्यक्रमों में 400 लेखक और विद्वान भाग लेंगे 6 दिवसीय समारोह में

**समय वार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादेमी द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला साहित्य उत्सव इस बार अपने सबसे बड़े रूप में दिल्ली एवं एनसीआर वासियों के लिए प्रस्तुत होगा। छह दिवसीय इस उत्सव में इस बार 400 से ज्यादा रचनाकार 40 से ज्यादा विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 60 भाषाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए भाग लेंगे।




साहित्योत्सव की शुरूआत अकादेमी की वर्षभर की प्रमुख गतिविधियों की प्रदर्शनी से होगा जिसका उद्घाटन माननीय संस्कृति राज्य मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल करेंगे।

साहित्योत्सव का मुख्य आकर्षण साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2022 वितरण समारोह 11 मार्च को कमानी सभागार में शाम 5:30 बजे संपन्न होगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि लब्धप्रतिष्ठ अंग्रेजी लेखक एवं विद्वान उपमन्यु चटर्जी होंगे।